**SSE 05**

# SECOND YEAR HIGHER SECONDARY SECOND TERMINAL EVALUATION, DECEMBER 2018

## Part – II

## HINDI

**Maximum : 80 Scores**

Time : 2½ Hours
Cool-off Time : 15 Minutes

---

***सामान्य निर्देश :***

- *प्रश्न-पत्र वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।*
- *उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।*
- *स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।*
- *वैकल्पिक प्रश्नों का उत्तर सूचना के अनुसार लिखें ।*

**Score**

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें ।**

मसहरी-सुरक्षा में
ज़मीन पर धूप के
फैलने तक नींद में
पड़ी मैं, मगर नींद के
खुलने के पूर्व ही नोटीस
बैंक की आ धमकी सपने में ।

1. मज़दूरिन कब तक नींद में पड़ी रही ? **(1)**
2. कवितांश में 'निद्रा' का समानार्थी शब्द कौन-सा है ? **(1)**
   (नींद, धूप, ज़मीन, धमकी)
3. समकालीन संदर्भ से जोड़कर कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें । **(6)**
4. नीचे दिए अंग्रेज़ी शब्दों के लिए उचित **पारिभाषिक शब्द** कोष्ठक से चुनकर लिखें । **(8×1=8)**

| | |
|---|---|
| Advance | Bacteria |
| Copyright | Discount |
| Economics | Geometry |
| Ratio | Virus |

(जीवाणु, बट्टा, विषाणु, पेशगी, रेखागणित, सर्वाधिकार, अर्थशास्त्र, अनुपात)

Score

**सूचना : 5 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें ।** (3×2=6)

5. 'घर में मेहमान थे और विवाह से संबंधित ज़रूरी काम भी ।' फिर भी पिताजी ने ज़मीन देखने की इच्छा प्रकट की । क्यों ?

6. 'हरषित देखि दुध की दंतियाँ प्रेम मग्न तनु की सुधि भूली' – यशोदा माँ अपने आपको क्यों भूल गई ?

7. 'री मुरकी ! किसके कानों में पड़ेगी ? और किसकी नाक में बुलाक की तरह चमकेगी ? राजवंती के कथन का क्या तात्पर्य है ?

8. 'तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा ?' कवि इस प्रकार क्यों सोचता है ?

**सूचना : 9 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं चार का उत्तर चार या पाँच वाक्यों में लिखें ।** (4×4=16)

9. 'मुरकी उर्फ बुलाकी' कहानी का अंश पढ़ें ।

'राजवंती ऐसे रोई जैसे उसकी आँखों में मुरकी के आँसू मिले हुए थे, सिर्फ मुरकी के नहीं, सारी औरत जाति के आँसू मिले हुए थे ।'

कहानी के आधार पर राजवंती के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

**सूचना : जीवन-वृत्त पढ़ें ।**

| जीवन-वृत्त | | |
|---|---|---|
| नाम | : | आनंद बख्शी |
| जन्म | : | 1930 |
| जन्मस्थान | : | रावलपिंडी |
| विशेषता | : | चार हज़ार गीतों की रचना |
| पुरस्कार | : | फिल्म फेयर तथा ऐ.ऐ.एफ.ए. पुरस्कार |
| निधन | : | 2002 |

10. जीवन-वृत्त के आधार पर आनंद बख्शी के बारे में एक अनुच्छेद तैयार करें ।

11. सूरदास के 'हे कान्ह' पद के आधार पर कृष्ण के प्रति गोपिकाओं के प्रेम का वर्णन करें ।

सहायक संकेत :

- मुरली की आवाज़
- चकित गोपिकाएँ
- सभी काम-काज भूल जाना
- कुल मर्यादाओं का लंघन
- कृष्ण-रूपी सागर की ओर बहना

Score

12. 'दोस्ती' फिल्मी गीत का अंश पढ़ें ।
'मेरी जीत, तेरी जीत
तेरी हार, मेरी हार
सुन ऐ मेरे यार'
मित्रता जीवन की कसौटी है । टिप्पणी लिखें ।

13. हाइकू पढ़ें ।
'मान न मान
मैं तेरा मेहमान
बने बुढ़ापा'
परिवर्तन प्रकृति का नियम है । हाइकू के आधार पर अपना विचार लिखें ।

**सूचना : खंड पढ़ें और 14 और 15 के प्रश्नों का उत्तर लिखें ।**

भविष्य में हमें विश्राम करना या चैन से नहीं बैठना है बल्कि निरंतर प्रयास करना है ताकि हम जो वचन बार-बार दोहराते रहे हैं और जिसे हम आज भी दोहराएँगे, उसे पूरा कर सकें । भारत की सेवा का अर्थ है लाखों-करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना । इसका मतलब है गरीबी और अज्ञानता को मिटाना । बीमारियों और अवसर की असमानता को मिटाना । हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की यही महत्वाकांक्षा रही है कि हर एक आँख से आँसू मिट जाएँ । शायद ये हमारे लिए संभव न हो, पर जब तक लोगों की आँखों में आँसू हैं और वे पीड़ित हैं तब तक हमारा काम खत्म नहीं होगा । और इसलिए हमें परिश्रम करना होगा ताकि हम अपने सपनों को साकार कर सकें ।

14. नेहरूजी के अनुसार भारत की सेवा का अर्थ क्या है ? **(2)**

15. खंड का संक्षेपण करें और शीर्षक दें । **(6)**

**सूचना : 16 से 19 तक के प्रश्नों से किन्हीं तीन का उत्तर लिखें ।** **(3×6=18)**

16. 'पिताजी खेतों में पहुँचकर सूर्यास्त तक टहलते रहे । वे खामोश थे । मगर उनके भीतर का हाहाकार मेरी समझ में आ रहा था ।'
उस दिन की डायरी लिखते समय लेखक पिताजी के आत्मसंघर्ष की याद कर रहे हैं । लेखक की डायरी **60-80** शब्दों में तैयार करें ।
सहायक संकेत :
- ज़मीन के नष्ट हो जाने का दुख
- बेटी से बिछुड़ने की पीड़ा
- आत्मसंघर्ष का अनुभव

17. कलाभवन थियेटर में 'बाहुबली' सिनेमा के सौ दिन पूरा हो रहे हैं । इस अवसर पर फिल्म के कलाकारों का सम्मान कर रहा है । समारोह का उद्घाटन सांस्कृतिककार्य मंत्री करेंगे । तदवसर पर राजमौली, प्रभास, अनुष्का शेटी, सत्यराज आदि उपस्थित होंगे । अखबार में छापने योग्य एक समाचार **60-80** शब्दों में तैयार करें ।

Score

18. छात्रों दुवारा स्कूल में सब्जियाँ उगाई गई है । कृषक दिवस पर इसकी प्रदर्शिनी एवं बिक्री हो रही है । इसके लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

सहायक संकेत :
- जैविक खादों का उपयोग ।
- कीटनाशकों से मुक्त ।
- स्वास्थ्य के लिए लाभदायक ।
- पर्यावरण के अनुकूल ।
- कम दाम ।

19. अंग्रेज़ी खंड का हिंदी **अनुवाद** करें ।

Bhakthi period was a golden age in Hindi Literature. Krishna Bhakthi was the most significant poetry sequence during this age. Soordas, Meerabai, etc. were the most important poets of Bhakthi age. They tried to picturise God's actual image through their poems.

(Bhakthi period – भक्तिकाल, golden age – सुवर्ण युग, significant – महत्वपूर्ण, poetry sequence – काव्य परपरा, picturise – चित्रण करना, God's actual image – ईश्वर का साकार रूप)

**सूचना : 20 से 22 तक के प्रश्नों से किन्हीं दो का उत्तर लिखें ।** **(2×8=16)**

20. ज़मीन एक स्लेट का नाम है' आत्मकथा का अंश पढ़ें ।

'पिताजी के सूखे आँसुओं को कौन देख सकता था । कौन सुन सकता था उनके नि:शशब्द विलाप को ।' पिताजी का दुख बेटी के लिए असहनीय था । वह अपने मन की व्यथा प्रकट करते हुए सहेली को एक पत्र लिखती है । वह पत्र **80-100** शब्दों में तैयार करें ।

सहायक संकेत :
- भाई और पिता का प्यार
- परिवार से बिछुड़ने का दुख
- पिताजी का आत्मसंघर्ष
- ससुराल के प्रति आशंका

21. भाषा, भावों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम होती है । विश्व-भाषा के रूप में हिंदी के प्रचार-प्रसार विषय पर **एक** भाषण तैयार करें ।

सहायक संकेत :
- संसार की सबसे बड़ी भाषाओं में एक
- सांस्कृतिक विकास में सहायक
- विश्व-सौहार्द का संवाहक

22. पति दुवारा उपेक्षित होने पर मुरकी किसी दयालु व्यक्ति से भाड़ा लेकर राजवंती के यहाँ आती है । वहाँ मुरकी और राजवंती के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार करें ।

सहायक संकेत :
- पति के साथ मेला देखने जाना
- सराय में उपेक्षित होना
- भाड़ा लेकर राजवंती के घर पहुँचना
- अपनी करनी में पछतावा
- घर में आश्रय देना